**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार"**

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण रहा मतदान– भीषण गर्मी भी पस्त नहीं कर पाई मतदाताओं का उत्साह।
- लोकसभा चुनाव में 37 और विधानसभा उपचुनाव में 25 प्रत्याशियों का भाग्य वोटिंग मशीनों में हुआ बंद– 4 जून को होगी मतगणना।
- मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस ने किए अपनी–अपनी जीत के दावे।
- नए मतदाताओं सहित बुजुर्गों में भी वोट डालने को लेकर दिखा भारी जोश।

---

**मतदान**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा की 6 सीटों पर उपचुनाव के लिए आज शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदान आज सुबह 7 बजे शुरू हुआ और सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी–लंबी कतारें देखी गईं। मतदान का आधिकारिक समय 6 बजे समाप्त हो गया है, लेकिन इसके बाद भी कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगी रहीं। निर्वाचन विभाग ने फिलहाल शाम पांच बजे तक के मतदान के आंकड़े जारी कर दिए हैं। प्रदेशभर में 5 बजे तक लोकसभा चुनाव के लिए लगभग 67 फीसदी लोग वोट डाल चुके थे। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में लगभग 66 फीसदी, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 64 फीसदी, मंडी में लगभग 69 फीसदी और शिमला संसदीय क्षेत्र में करीब 68 फीसदी मतदान हो चुका था। इसके अलावा धर्मशाला विधानसभा सीट पर अभी तक लगभग 66 फीसदी, बड़सर विधानसभा उपचुनाव के लिए 50 फीसदी, लाहौल–स्पिति में 74 फीसदी, गगरेट में 68, सुजानपुर में 63 और कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर लगभग 71 फीसदी लोग वोट डाल चुके हैं। थोड़ी देर में मतदान के सही आंकड़े सामने आयेंगे जिसमें मतदान प्रतिशत का आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है।

**वीआईपी मतदान**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय भावड़ा में स्थापित पोलिंग बूथ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर में परिवार सहित जबकि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने परिवार सहित समीरपुर स्थित मतदान केन्द्र में वोट डाला। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी ज़िले में सराज विधानसभा क्षेत्र के औहन जबकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में वोट डाला। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने दावा किया कि जनता में भाजपा के खिलाफ भारी गुस्सा है और इन

चुनावों में बम्पर जीत के साथ कांग्रेस सत्ता में लौटेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने रामपुर में मतदान किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की धार पंचायत के पौटा और जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर विधानसभा क्षेत्र के कल्पा में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**प्रत्याशी**

प्रदेश में आज कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। शिमला संसदीय सीट पर पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी के बीच कांटे की टक्कर है। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की कंगना रनौत और कांग्रेस के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला है। मतदाताओं ने किसके पक्ष में मतदान किया है, इसका पता मतगणना को दिन ही लग पाएगा। देशभर में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए डाले गए वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

**जीत–दावे**

मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस ने अपनी–अपनी जीत के दावे किए हैं। हमीरपुर ज़िले के समीरपुर में वोट डालने के बाद केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने मोदी सरकार की नीतियों व उपलब्धियों पर मतदान किया है और इन चुनावों में भाजपा को भारी जनसमर्थन मिला है।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मतदान के बाद दावा किया कि इन चुनावों में धन बल की नहीं, बल्कि जन बल की जीत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों के अलावा 6 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इन चुनावों में लोगों ने दल–बदलू नेताओं को नकारा है।

**नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए लोगों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये मतदान आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए है और इससे देश मज़बूत होगा। जगत प्रकाश नड्डा ने देश व प्रदेश में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि एनडीए 4 सौ से अधिक सीटें जीत रहा है।

**प्रतिभा सिंह**

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी राज्य में शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोगों का आभार जताया है। एक बयान में उन्होंने उम्मीद जताई कि 4 जून को होने वाली मतगणना में चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएंगे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि चुनावी सभाओं में जिस तरह से लोगों ने कांग्रेस को अपना भरपूर समर्थन दिया है, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश में कांग्रेस की प्रचंड जीत होने जा रही है।

**टशीगंग**

लाहौल–स्पिति ज़िले में दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में आज 79 दशमलव शून्य–तीन फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। इस मतदान केंद्र में कुल 62 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 49 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मतदान केंद्र को परंपरागत तरीके से सजाया गया था और लोग पारंपरिक वेशभूषा के साथ मतदान करने पहुंचे। मतदान डियूटी पर तैनात मतदान कर्मी भी पारंपरिक परिधान में नज़र आए। उल्लेखनीय है कि टशीगंग मतदान केंद्र में पिछले 3 चुनावों में लगातार शत–प्रतिशत मतदान होता रहा है।

**बुजुर्ग मतदाता**

आज हुए मतदान की खास बात ये रही कि एक ओर जहां युवा मतदाताओं में वोट डालने को लेकर उत्साह देखा गया, वहीं बुजुर्ग मतदाता भी बड़ी संख्या में लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बने। चंबा के हटनाला में एक सौ पांच वर्षीय सरदार प्यार सिंह ने स्वयं मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि शिमला ज़िले के रामपुर में 94 वर्षीय मंगत राम ने वोट डाला। शिमला ज़िले के घरोग मतदान केंद्र में 92 वर्षीय लछमी देवी और रामपुर में 90 वर्षीय अकलवीर नेगी ने मतदान किया।

**मतदान केंद्र**

प्रदेशभर में मतदान के लिए स्थापित किए गए 7 हज़ार 9 सौ 92 मतदान केन्द्रों में से एक सौ 95 मतदान केन्द्रों का संचालन सिर्फ महिलाओं द्वारा किया गया। मतदान प्रक्रिया पूरी करने के लिए इन मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई। इसके अलावा 28 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जिनका संचालन केवल दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा ही किया गया। इसी प्रकार 54 मतदान केन्द्रों के संचालन का ज़िम्मा युवा कर्मियों को सौंपा गया। चुनाव आयोग ने प्रदेश में 2 सौ 79 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र घोषित किए गए। आदर्श मतदान केन्द्रों में नए व शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

**पर्यावरण संदेश**

लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान लाहौल स्पीति ज़िले के सिस्सू मतदान केन्द्र में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि मतदान के बाद सिस्सू में मतदाताओं द्वारा करीब सौ पौधे रोपित किए गए। इसके अलावा वानिकी प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को लेकर विशेष रूप से जागरूक किया गया। वहीं दूसरी ओर किन्नौर ज़िले के शोल्टू मतदान केन्द्र में भी महिला मतदाताओं

को एक–एक पौधा देकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए इस मतदान केन्द्र को एक आदर्श बूथ के साथ ग्रीन बूथ के तौर पर स्थापित किया गया था।